JAIN COLLEGE, J C Road, Bangalore

Mock Paper – 1, January - 2020

II PUC – Hindi (03)

समय: 3:15 मिनट | कुल अंक:100

**सूचना:** 1 सभी प्रश्नों के उत्तर हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।
2 प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है

**I. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में** उत्तर **लिखिए:** **6x1=6**

१. कटिया का ढेर देखकर कौन दंग रह गयी ?

२. कर्तव्य करने से क्या बढ़ता है ?

३. कावेरी नदी का बांध किस नाम से मशहूर है ?

४. भोलाराम ने दरख्वास्त पर क्या नहीं रखा था ?

५. तोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ़ फॉरेन स्टडीज ' के निदेशक कौन है ?

६. मेम साहब को क्या पसंद आये थे ?

**आ) निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने अनिवार्य है ।** **5x3=15**

७. जापान के ' बुलेट-ट्रेन ' पर टिप्पणी लिखिए ।

८. चैत के महीने में खलिहानों में सतयुग के राज का वर्णन कीजिए ।

९. मनुष्य का परम धर्म क्या है ? उसकी रक्षा कैसे करनी चाहिए ?

१०. समाज में कौन-कौन सी समस्याएँ बढ़ रही है ?

११. शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी माँ को लेकर क्यों चिंतित थे ?

**II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहें ?** **4x1=4**

१२. 'बाबा, इतना मुझसे उठ न सकेगा ।'

१३. ' लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए तब बुलाना।

१४. ' सच ? मुझे गाँव के लोग बहुत पसंद है ।'

१५. ' इनकम होती तो टैक्स होता । भूखमरा था ।'

**आ) सभी प्रश्नों का ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए:** **4 x3=12**

१६. ' सेवाहि परमो धर्म ' के स्थान पर लोग मेवाहि परमो धर्म ' कहने लगे हैं ।'

१७. ' वे बोलते जा रहे थे और पिताजी के चेहरे का संतोष धीरे-धीरे गर्व में बदलता जा रह था ।'

१८. चूड़ियाँ कहाँ से लाऊँ बेटा , तुम तो जानते हो , सब ज़ेवर तुम्हारी पढ़ाई में बिक गए ।'

१९. चिंता में घुलते- घुलते और भूखे मरते- मरते उन्होंने दम तोड़ दिया ।'

**III. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में** उत्तर **लिखिए:** **6x1=6**

२०. प्रेमी चित्त कब उजला होता है ?

२१. रैदास किस प्रकार जीवन का निर्वाह करने के लिए कहते है ?

२२. कवि नरेंद्र शर्मा के अनुसार मनुष्य को किसने सींचा है ?

२३. जंगल को क्या हो जाने से बचाना है ?

२४. तमिलनाडु में रामायण का ज्ञान कौन दे रहा है ?

२५. पीर पर्वत हिमालय से क्या निकलनी चाहिए ?

**आ) निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने अनिवार्य है ।** **4x3=12**

२६. गोपिकाएँ अपने आपको क्यों भाग्यशालिनी समझती हैं ?

२७. कवि नरेंद्र शर्मा ने प्रतिहिंसा और कायरता के सम्बन्ध में क्या कहा है ?

२८. बेटी रंगीन कपड़े और गहने क्यों नहीं चाहती ?

२९. राजस्थान की वीरता के सम्बन्ध में ' मानव ' के क्या विचार है ?

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए:** **4x4=16**

३०. (क) एकै साधे सब सधै,सब साधे सब जाय ।
रहिमन मूलहिं सींचिबो,फूलै फलै अघाय ।।

(ख) जपमाला छापा तिलक,सरै न एकौ कामु ।
मन-काँचे नाचै वृथा,सांचै राँचै रामु ।।

३१. (क) मेरा यह बचपन , तुम्हारा मातृत्व
ये ही गहने हैं मेरे लिए , माँ ;
मैं तुम्हारा गहना; तुम मेरा गहना;
फिर अन्य गहने क्यों चाहिए , माँ ?

(ख) सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,
मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए ।

**IV. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में** उत्तर **लिखिए:** **5x1=5**

३२. घृणा को किससे नहीं मिटाया जा सकता ?

३३. किसे दूसरों का हस्तक्षेप और आलोचना पसंद नहीं है?

३४. भारवि में किस कारण अहंकार बढ़ता जा रहा था ?

३५. अहंकार किस में बाधक है ?

३६. भारवि ने प्रतिशोध की आग में क्या करना चाहा ?

**आ निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने अनिवार्य है।** **4x5=20**

३७. दादाजी के 'बड़प्पन' के सम्बन्ध मे क्या विचार थे ?

दादाजी की क्या आकांक्षा थी ?

३८. शास्त्रार्थ में पंडितो को हराते देख पिता ने भारवि के बारे में क्या सोचा ?

भारवि ने अपने पिता से किस प्रकार का दंड चाहा और उसे क्या दंड मिला ?

**V. ३९.अ) वाक्य शुद्ध कीजिए** **4x1=4**

१. अपनी काम स्वयं करो।
२. हम तीन भाई हूँ।
३. कॉफी में कौन पड़ गया है?
४. मेले में अनेकों दुकाने थीं।

**४०. आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक से रिक्त स्थान भरिए:** **4x1=4**

**(से , में , के लिए , को)**

१. पुस्तकालय __ बहुत सी किताबें हैं।

३. वह गाड़ी __ उतरा।

४. वीरों ने देश ___ प्राणो की आहुति दी।

५. पीड़ितों __ दान दो।

४१. **इ) निम्नलिखित वाक्य को सूचनानुसार बदलिए:** **3×1=3**

१. निमोनिया के कारण मरीज मर जाएगा। (वर्तमान काल में बदलिए )

२. वह मुझे मुंबई बुला रहा है। (भूतकाल में बदलिए)

३. मैं कहानी लिख रही हूँ। (भविष्य काल में बदलिए)

४२. **ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए:** **4x1=4**

| | |
|---|---|
| १. चिकना घड़ा | बिना विचारे व्यय करना |
| २. अपने पैरों पर खड़े होना | बुराई या अनिष्ट चाहना |
| ३. अन्धाधुन्ध लुटाना | कुछ असर न पड़ना |
| ४. उलटी माला फेरना | स्वावलम्बी होना |

४३. **उ अन्य लिंग रूप लिखिए:** **3x1=3**

१) नाइन २) लाला ३) मनोहारी

४४. **ऊ अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:** **3x1=3**

१. सदा रहने वाला

२. आज्ञा पालन करने वाला

३. जो अभी-अभी पैदा हुआ हो

४५. **ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर** **2x1=2**

१. पुरा २. चिर

४६. **ऐ निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए:** **2x1=2**

१. सेठानी २. होनहार

**४७. अ) सभी विषयो पर निबन्ध लिखिए:**

5 x **4=20**

१. विद्यार्थी और अनुशासन

२. प्रदुषण : कारण और निवारण

३. वनों का महत्व

(क) स्थानांतरण एवं चरित्र प्रमाण- पत्र प्राप्त करने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

४८. **आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के** उत्तर **लिखिए:** **5x1=5**

काशी के सेठ गंगादास एक दिन गंगा में स्नान कर रहे थे कि तभी एक व्यक्ति नदी में कूदा और डुबकियाँ खाने लगा। सेठजी तेज़ी से तैरते हुए उसके पास पहुँचे और किसी तरह खींचकर उसे किनारे ले आए। वह उनका मुनीम नन्दलाल था। उन्होंने पूछा ,"आपको किसने गंगा में फेंका ?" नन्दलाल बोला ,"किसी ने नहीं , मैं तो आत्महत्या करना चाहता था।" सेठ जी ने इसका कारण पूछा तथा कहा ,"मैंने आपके पाँच हज़ार रूपए चुराकर सट्टे में लगाए और हार गया। मैंने सोचा कि आप मुझे जेल भिजवा देंगे।इसलिए बदनामी के डर से मैंने मर जाना ही ठीक समझा।" कुछ देर तक सोचने के बाद सेठ जी ने कहा,"तुम्हारा अपराध माफ़ किया जा सकता है लेकिन एक शर्त है कि आज से कभी किसी प्रकार का सट्टा नहीं लगाओगे।"नन्दलाल ने वचन दिया कि वह अब ऐसे काम नहीं करेगा सेठ ने कहा ,"जाओ माफ़ किया। पॉच हज़ार रूपए मेरे नाम घरेलू खर्च में ड़ाल देना।"सेठ ने कहा ,"तुम चोर नहीं हो।तुमने एक भूल की है चोरी नहीं । जो आदमी अपनी एक भूल के लिए मरने तक की बात सोच ले ,वह कभी चोर नहीं हो सकता ।"

प्रश्न :-

१. गंगा में कूदने वाला व्यक्ति कौन था ?

२. मुनीम ने क्या भूल की थी ?

३. सेठ जी ने मुनीम के सामने  क्या शर्त रखी ?

४. मुनीम को चोरी के आरोप से मुक्त करने के लिए सेठ जी ने क्या किया?

५. कौन चोर नहीं  हो सकता?

४९. **इ) हिंदी में अनुवाद कीजिए:** **5x1=5**

1. If we get up early ,we can see sunrise
2. He spent the whole day talking to me yesterday.
3. Language should be simple and easy to understand.
4. Tomorrow will be the last day of the month.
5. Acquiring knowledge is more important is earning money.

******

**JAIN COLLEGE, J C Road, Bangalore**

**Mock Paper – 2, January - 2020**

**II PUC – Hindi (03)**

**समय: 3:15 मिनट** **कुल अंक:100**

सूचनाः i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।

**I. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6x1=6**

१. कौन द्वार पर आकर चिल्लाने लगा?

२. मन ज्यादा देर तक दुविधा में पडा रहा तो क्या आ घेरेगी?

३. मां कहां विराज रही थी?

४. लेखिका की बडी बहन का नाम लिखिए।

५. भोला राम किस शहर का निवासी था।

६. 'स्लम डाग मिलियनेयर' फिल्म किसकी पुस्तक के आधार पर बनी है?

**आ) निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने अनिवार्य है** **5x3=15**

७. चैत के महीने में खलिहानों में सतयुग के राज का वर्णन कीजिए।

८. प्रदूषण के संबंध में गंगा मैया ने क्या कहा है।

९. एक दकियानूसी मित्र ने मन्नू भंडारी के पिता से क्या कहा?

१०. विश्वेश्वरय्या के बाल्य जीवन के बारे में लिखिए।

११. जापान के रेलवे स्टेशन और रेल-यात्रा के बारे में लेखिका क्या कहती है?

**II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने–किससे कहा?** **4x1=4**

१२. 'आधी रोटी खाओ, भगवान का भजन करो और पडे रहो।'

१३. 'यू हैव मिस्ड समथिंग।'

१४. 'जब से बीमारी से उठी हूं नाक से सांस नहीं ले सकती।'

१५. महाराज, रिकार्ड सब ठीक है। '

**आ) सभी प्रश्नों का ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए:** **4x3=12**

१६. 'इसलिए हमारा यह धर्म है कि हमारी आत्मा हमें जो कहे, उसके अनुसार हम करे। '

१७. 'पतन की जब पराकाष्ठा हो जाती है तभी पुनः उत्थान की किरणें फूटती हैं।'

१८. 'यह लडकी मुझे कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रखेगी।'

१९. 'जानती नहीं, साहब खुश होगा, तो मुझे तरक्की मिलेगी?

**III. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6x1=6**

२०. अंग अंग में किसकी सुगंध समा गई है?

२१. श्रीकृष्ण के अनुसार किसने सब माखन खा लिया?

२२. आंखों की सुंदरता किससे बढती है?

२३. बेटी को क्यों सुंदर दिखना है?

२४. कवि नरेन्द्र शर्मा किसके सामने आत्मसमर्पण न करने के लिए कहते हैं?

२५. सूखी डाल कैसी है?

**आ) निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने अनिवार्य है** **4x3=12**

२६. रैदास ने भगवान और भक्त के संबंध को कैसे वर्णित किया है?

२७. जीवन की सार्थकता किसमें है?

२८. मानवता के प्रति कवि नरेन्द्र शर्मा के विचार प्रकट कीजिए।

२९. पंजाब केसरी की महत्ता प्रकट कीजिए।

**इ) सभी प्रश्नों का ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए:** **4x4=16**

३०. क) चोरी करत कान्ह धरि पाए।
निसि- बासर मोहि बहुत सतायौ अब हरि अरि हाथहिं आए।
माखन - दधि मेरौ सब खायौ, बहुत अचगरी कीन्ही।
अब तो घात परे हौ लालन, तुम्हे भलै मैं चीन्ही।

ख) समै-समै सुंदर सबै, रूप कुरूप न कोई।
मन की रुचि जेती जितै, तित तेती रुचि होई।।

३१. क) वे नीलम से मेघ, नहीं
जिनको है घुल जाने की चाह,
वह अनंत ऋतुराज, नहीं
जिसने देखी जाने की राह !

ख) आज यह दीवार परदों की तरह हिलने लगी,
शर्त लेकिन थी कि ये बुनियाद हिलनी चाहिए।

**IV.अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **5x1=5**

३२. व्यक्ति किन गुणों से बडा होता है?

३३. बरगद के पेड की कहानी किनका निर्माण करती है

३४. ग्लानि से भरे हुए भारवि को जाने से क्यों नहीं रोका गया?

३५. प्रेम के बिना किसका मूल्य नहीं हैं?

३६. भारवि से मिलने आई स्त्री का नाम लिखिए।

**आ) निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने अनिवार्य है** **4x5=20**

३७. क) दादा जी ने परेश को किस प्रकार मनाया?
ख) दादाजी का चरित्र चित्रण कीजिए।

३८. क) भारवि से संबंधित माता - पिता के बीच होने वाले प्रारंभिक संवाद का सार लिखिए।
ख)भारवि अपने पिता से क्यों बदला लेना चाहता था?

**V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए:** **1x4=4**

३९. १. यह कविता अनेक भाव प्रकट करता है।
२. आज तक मैं धोखा नहीं खाया।
३. वह एक दिन मेरा पास आया था।
४. उसे दिखावा नहीं रुचती है।

**आ) कोष्टक में दिए गए उचित शब्दो से रिक्त स्थान भरिए: 4x1=4**

४०. (देवगढ, सांप, शुरु, आंखों)

१. वह _______से डर गया।

२. उसकी______में आंसू छलछला आए।

३. कपिलदेव को _______ में अपनी बल्लेबाजी के हुनर का एहसास नहीं था।

४. _______के प्रसिध्द पत्रों में यह विज्ञापन निकला।

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: 3x1=3**

४१. १. वह आता होगा। ( वर्तमानकाल में बदलिए)

२. कनक बहुत सुंदर गाती है। ( भविष्यत काल में बदलिए)

३. सीता चित्र बनाएगी ( भूतकाल में बदलिए)

**ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए: 4x1=4**

| | |
|---|---|
| ४२. १. आकाश से बातें करना | कुछ भी असर न होना। |
| २. आपे से बाहर होना | अधिक प्रसन्न होना। |
| ३. चिकना घडा | बहुत ऊंचा होना। |
| ४. फूला न समाना | क्रोध को वश में न रखना। |

**उ) अन्य लिंग रुप लिखिए: 3x1=3**

४३. १ सिंह २. लुटिया. ३. बकरी

**ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए: 3x1=3**

४४. १. दर्शन - शास्त्रों का ज्ञाता।

२. दूर की सोचने वाला।

३. जो मांस न खाए।

**ए. निम्नलिखित शब्दों के उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए: 2x1=2**

४५. १ स्थायी. २. कोण

**ऐ. निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए: 2x1=2**

४६. १. जादूगर २. दूधवाला

**IV.अ सभी विषय पर निबन्ध लिखिए: 5x4=20**

४८. १. विज्ञापन की दुनिया न्यारी।

२. सत्संगति।

३. जहां चाह, वहां राह।

विघालय में खेल का सामान उपलब्ध कराने हेतु प्रधानाचार्या को प्रार्थना पत्र लिखिए।

**आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 5x1=5**

४८. सही समय पर सही चुनाव न करने वाला व्यक्ति जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में बुरी तरह असफल हो जाता है। जीवन का सफल कलाकार वह है, जो अपने हर काम में सावधानीपूर्वक चुनाव करता है। चुनाव में सावधानी न बरतनेवाला और बिना सोचे समझे गलत चुनाव कर लेनेवाला व्यक्ति लाख प्रयत्न करने पर भी अपने जीवन को उचित और सफल मोड नहीं दे पाता। जो व्यक्ति अपने खाने-पीने, खेलने-कूदने, पढने-लिखने और मित्रों के साथ मनोरंजक कार्यक्रमों का चुनाव करते समय सावधानी नहीं

बरतता, उसकी दशा पेटू जैसी हो जाती है, जो अनाप- शनाप जो भी सामने आता है, खाए जाता है और अपना स्वास्थ्य चौपट कर बैठता है। होना यह चाहिए कि हम यह सोच - समझकर तय करें कि हमें किस समय उठना है और किस समय सोना है। हमें क्या कितना और कब खाना है तथा कब, क्या और किस तरह पहनना है। हमें किन लोगों को मित्र बनाना है और किनसे दूरी बनाए रखनी है।

क) जीवन की सफलता का क्या रहस्य है?

ख) सही चुनाव न करने का क्या परिणाम होता है?

ग) किस व्यक्ति की दशा पेटू जैसी होती है?

घ) स्वास्थ्य - रक्षा के लिए क्या आवश्यक है?

ड) हमारी दिनचर्या कैसी होनी चाहिए?

४९. **इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए:** **5x1=5**

1. Today's children are the citizens of Tomorrow.
2. Sonakshi's hobby is to listening old Hindi Songs.
3. A best teacher is one who always inspires his students.
4. Unity and diversity is found in India.
5. India is the biggest democratic country in the world.

******